(राजस्थान–सरकार)

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी मोहम्मद अबूबक्र (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 21/2018

बउनवान

राज0 सरकार जर्ये :– श्री राजेश कुमार रामचन्दानी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बारां

(प्रार्थी)

बनाम

1– श्री भगवान लाल गोयल उम्र 60 वर्ष पुत्र रामगोपाल गोयल जाति अग्रवाल निवासी बपावर रोड कवाई तहसील अटरू जिला बारॉ (मालिक व विक्रेता) मैसर्स गोयल ब्रदर्स वार्ड नं0 8 पुराना मेन बाजार कवाई तहसील अटरू जिला बारॉ।

2– श्री जतिन जैन पुत्र जितेन्द्र कुमार जाति जैन निवासी 87, एस.डी. पब्लिक स्कूल के पास प्रताप नगर–1 बोरखेडा, अखवा जिला कोटा। मैसर्स रंगावत ट्रेडिंग कम्पनी 49, बल्लभ बाडी हनुमान मन्दिर के पास आर.के. डेयरी के सामने कोटा।

(अप्रार्थीगण)

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2 (।।) एफएसएस एक्ट 2006 एवं विनियम 2011

उपस्थिति :– 1– श्री राजेश रामचन्दानी खा.सु.अ. (प्रार्थी स्वंय)
2– श्री हरिओम चतुर्वेदी अभिभाषक (अप्रार्थी क्रम 1)
3– अनुपस्थित (अप्रार्थी क्रम 2)

निर्णय दिनांक 17.01.2020

प्रकरण राजस्थान सरकार जर्ये :– श्री राजेश कुमार रामचन्दानी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बारां द्वारा इस आशय का पेश किया कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 12.10.2017 को मैसर्स गोयल ब्रदर्स वार्ड नं0 8 पुराना मेन बाजार कवाई तहसील अटरू जिला बारॉ पर पहुंचा। वहॉ पर श्री भगवान लाल गोयल पुत्र रामगोपाल गोयल (मौक पर मौजूद विक्रेता व मालिक) की हैसियत से उपस्थित थे, कि उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।

मैं राजेश कुमार रामचन्दानी दिनांक 12.10.2017 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बारॉ मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी का कार्य सम्पादित कर रहा था और मुझे राज्य सरकार द्वारा राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना नोटिफिकेशन क्रमांक/एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 25.7.2011 के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। श्रीमान् आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश दिनांक 26.10.2014 के अनुसार मुझे कार्य क्षेत्र जिला बारॉ आवंटित किया गया है और जिला बारॉ के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र मेरे कार्य क्षेत्र मे आते है।

यह कि आवेदक द्वारा निरीक्षण किया जहां पर खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** मे विक्रय हेतु रखे हुऐ थे। मैने अपना परिचय पत्र दिखाकर परिचय दिया एवं विक्रेता से परिचय लिया। विक्रेता से मौके पर खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** में मिलावटी व मिथ्याछाप का शक होने पर नमूना लेने हेतु विक्रेता को अवगत कराया गया तत्पश्चात नमूना वास्ते जांच हेतु लेने की सूचना फार्म नं0 5ए की प्रति स्वतंत्र गवाह की उपस्थिति मे तैयार कर विक्रेता को देकर प्राप्ति रसीद ली। जिसकी प्रति आवेदन के साथ संलग्न है।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी बारॉ द्वारा खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** के 04 मूल पैकिट वास्ते नमूना जांच हेतु खरीदे, जिसकी कीमत श्री भगवान लाल गोयल पुत्र रामगोपाल गोयल (मौके पर मौजूद विक्रेता व मालिक) को 360/– रूपये (अक्षरे तीन सौ साठ रूपये) नगद देकर रसीद प्राप्त की, जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर है तथा उपस्थित गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वंय आवेदक ने हस्ताक्षर किये। जिसकी प्रति आवेदन के साथ संलग्न है।

आवेदक ने खरीदशुदा खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** के 04 मूल पैकिट को चार नमूना भागो मे अलग–अलग मूल पैकिट पर लेबल तैयार कर प्रत्येक नमूने भाग पर चिपकाये और लेबलो पर डी.ओ. के कोड एवं क्रमांक ए.एच.–775 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं ने हस्ताक्षर किये एवं मालिक तथा गवाहन के हस्ताक्षर कराये। चारों नमूना भागों को अलग–अलग कागज में पोलिपैक पाउच के साथ लपेट कर प्रत्येक नमूना भाग पर डी.ओ. बारां की हस्ताक्षरशुदा पेपर स्लिप नं. ए.एच.–775 नियमानुसार चारो नमूना भागों पर नीचे से उपर तक फेविकोल से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आवे एवं सीलबन्द नमूनों पर गवाह के हस्ताक्षर कराकर नमूने का पूर्ण विवरण लिखकर मेरे द्वारा हस्ताक्षर कर चारों नमूना भागों को अपने जाप्तें में लिया।

आवेदक ने मौके पर फर्द रिपोर्ट तैयार कर विक्रेता एवं गवाहान को पढकर सुनाकर एवं समझाकर हस्ताक्षर करने को कहा, जिसे श्री भगवान लाल गोयल पुत्र रामगोपाल गोयल ने भी पढकर समझकर व सही मानकर हस्ताक्षर किये।

आवेदक ने कार्यालय पहुंच कर फार्म नं. 6 की प्रतियॉ तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग मय फार्म नं0 6 की प्रति के आउटर कवर मे सीलबन्द कर सील मोहर कर एवं एक प्रति फार्म नं0 6 की अलग से सील्ड लिफाफे मे स्वंय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला, कोटा को जमा कराकर रसीद प्राप्त की। जो आवेदन के साथ संलग्न है। दो सील बन्द नमूना भाग मय फार्म सं0 6 की दो प्रतियों के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं0 6 की प्रति के अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बारां को जमा कराकर रसीद प्राप्त की जो न्यायनिर्णयन आवेदन के साथ संलग्न है।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बारॉ के पत्र क्रमांक/एफएसएसए/2017/317 दिनांक 5.12.2017 से ज्ञात हुआ कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला, कोटा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 826/FSSA /Kota/ Act/2017 /935 दिनांक 22.11.2017 के अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते नमूना जांच विक्रय किया गया, खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 की धारा 3(1)(zf)(C)(i) के तहत **मिथ्याछाप (Misbranded)** होना पाया गया। रिपोर्ट आवेदन के साथ संलग्न है।

आवेदक ने अनुसंधान हेतु मैसर्स गोयल ब्रदर्स वार्ड नं0 8 पुराना मेन बाजार कवाई तहसील अटरू जिला बारॉ से पत्रांक 318 दिनांक 5.12.2017 से सूचना चाही गई। मैसर्स गोयल ब्रदर्स वार्ड नं0 8 पुराना मेन बाजार कवाई तहसील अटरू जिला बारॉ द्वारा प्रतिउत्तर में खाद्य अनुज्ञापत्र, जी.एस.टी., आधारकार्ड एवं क्रय बिल की छायाप्रति कार्यालय में पेश की गई।

इस पर प्रकरण दिनांक 18.09.2018 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर, अप्रार्थी को जर्ये रजिस्टर्ड सम्मन से तलब किया गया। अप्रार्थी क्रम 1 द्वारा जर्ये अभिभाषक उपस्थित होकर प्रकरण मे जवाब प्रस्तुत किया गया। जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी क्रम 2 बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने पर उसके विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई जाकर, प्रकरण मे उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई।

दौराने बहस प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आवेदन में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा कथन किया कि अप्रार्थी द्वारा जिस खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिट** को वास्ते नमूना जांच हेतु विक्रय किया गया था, वह जॉच में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 की धारा 3(1)(zf)(C)(i) के तहत **मिथ्याछाप (Misbranded)** होना पाया गया। अप्रार्थी का उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(।।) के तहत अपराध की श्रेणी मे आता है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की धारा 52 में निर्धारित है। अतः अप्रार्थीगण को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

इसके विपरीत अप्रार्थी क्रम 1 के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत जवाब के कथनों को दौहराते हुये कथन किया कि अप्रार्थी क्रम 1 पूष्प ब्राण्ड मिर्च पाउडर का विक्रेता मात्र है। परिवादी द्वारा अप्रार्थी को कभी भी जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध नही करवायी गई है, फिर भी अप्रार्थी यह मानता है कि उसके द्वारा विक्रय किया जाने वाला उत्पाद समस्त मानको पर उत्तम है। परिवादी द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये गये परिवाद के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला, कोटा से प्राप्त जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। जांच रिपोर्ट का पत्रावली मे अवलोकन करने पर अप्रार्थी को यह जानकारी हुई कि उसके द्वारा विक्रय किया जाने वाला उत्पाद समस्त मानको पर अति उत्तम एवं श्रेष्ठ है। जॉच रिपोर्ट मे सेम्पल को **Ingredients not given as per regulation Contravention to regulation no. 2.2.2(a) (b) Food safety & standards (Packaging and Labeling) Regulation 2011**। जबकि परिवादी ने अप्रार्थी क्रम 1 द्वारा विक्रय किया जा रहा मिर्च पाउडर मात्र मिलावट एवं मिथ्याछाप का शक होने के आधार पर नमूना एकत्रित किया था। अप्रार्थी क्रम 1 द्वारा विक्रय किया जा रहा उत्पाद मिलावटी नही होने के साथ–साथ सभी मानको पर खरा है, जो कि **Food safety& Standard Laboratory, M.B.S. Hospital Campus, Kota** की जांच रिपोर्ट से भी जाहिर है। परिवादी द्वारा अपने परिवाद मे कही भी यह स्पष्ट रूप से अंकित नही किया गया कि अप्रार्थी क्रम 1 द्वारा विक्रय किया जा रहा उत्पाद मिर्च पाउडर के पैकिंग पर किन **Ingredients** का वर्णन नही किया गया है। इस कारण अप्रार्थी क्रम 1 के विरूद्व प्रस्तुत किया गया परिवाद निरस्तनीय है।

अप्रार्थी क्रम 1 उत्पाद का विक्रेता मात्र होने से परिवादी द्वारा प्रस्तुत किये गये परिवाद मे लगाये गये आरोपो के लिये किसी भी रूप मे जिम्मेदार नही है। सुरक्षा अधिकारी द्वारा सैम्पल का लिया गया तरीका अधिनियम के प्रावधानों के सर्वधा विपरीत होने से प्रस्तुत परिवाद निरस्तनीय है। परिवादी को जब इन तथ्यों की जानकारी हुई कि लिया गया सेम्पल सम्पूर्ण मानको पर अति उत्तम एवं श्रेष्ठ पाया गया है तब भी जान बूझकर परिवादी द्वारा बिना किसी वैध एवं युक्तियुक्त आधार के अप्रार्थी क्रम 1 को जैरबार व परेशान करने की गरज से उक्त परिवाद मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जो खारिज होने योग्य है। जिन आधारो पर परिवादी द्वारा परिवाद प्रस्तुत करना बताया गया है वह आधार अप्रार्थी क्रम 1 के विरूद्व किसी भी रूप मे मान्य नही है। अतः अप्रार्थी क्रम 1 के विरूद्व प्रस्तुत की गयी कार्यवाही ड्रोप फरमाया जावे।

इसके विपरीत प्रार्थी राजस्थान सरकार जर्ये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बारॉ द्वारा कहा गया कि अप्रार्थी यदि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला, कोटा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 826/FSSA /Kota/ Act/2017/935 दिनांक 22.11.2017 से असन्तुष्ट था, तो अप्रार्थी क्रम 1 को जर्ये पत्र सूचित किया जाकर एक माह का समय दिया गया था कि उक्त सेम्पल की पुनः जॉच करवाये। किन्तु अप्रार्थीगण द्वारा उक्त सेम्पल की पुनः जॉच नही करवायी गई है।

मेरे द्वारा प्रकरण मे उभयपक्ष की बहस सुनी और उस पर मनन किया व पत्रावली का आद्योपान्त अवलोकन किया गया। अप्रार्थी क्रम 1 से वास्ते नमूना जॉच क्रय किया गया, खाद्य पदार्थ **मिर्च पाउडर (पूष्प ब्राण्ड) 500 ग्राम पैकिंग** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला, कोटा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 826/FSSA /Kota/ Act/2017/935 दिनांक 22.11.2017 के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 की धारा 3(1)(zf)(C)(i) के तहत **मिथ्याछाप (Misbranded)** होना पाया गया। उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (।।) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी मे आता है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की धारा 52 के तहत, अप्रार्थी क्रम 1 व 2 प्रत्येक को 5000/– 5000/– रूपये पत्रावली मे कुल राशि 10,000/– रूपये (अक्षरे दस हजार रूपये मात्र) के आर्थिक जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जाता है। अप्रार्थी उक्त जुर्माना राशि ई–मित्र सेवाकेन्द्र से चालान निकलवाकर, जर्ये चालान बैंक मे **निर्धारित मद 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, 04 लोक स्वास्थ्य, 800 अन्य प्राप्तियां, 03 खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा पत्र शुल्क आदि** में जमा करवाकर, चालान की प्रति इस न्यायालय मे अन्दर एक माह प्रस्तुत करे। अप्रार्थी क्रम 2 के बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण, उसको निर्णय की सत्य प्रतिलिपी रजिस्टर्ड डाक से पालनार्थ भिजवायी जावे।

निर्णय आज दिनांक 17.01.2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मोहम्मद अबूबक्र)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohammed Abubakr
Date: 2020.02.03 13:46:17 IST
Reason: SelfAttested
Location: